दिनांक 08.06.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

आपदा प्रबंधन के लिए आयुक्त ने किया कंन्ट्रोल रुम की स्थापना

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम ने आगामी वर्षा ऋतु में होने वाले अतिवृष्टि तथा बाढ़ से बचाव हेतु आपदा प्रबंधन के लिए बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ट दल का गठन कर 24 घण्टे दल को तैनात रहने तथा आपदा स्थिति की सूचना दर्ज करने के लिए कंन्ट्रोल रुम की स्थापना कर अधिकारी, कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की है।

आयुक्त के0एल0 चौहान ने बारिश में होने वाले संभावित अति वर्षा में आपदा प्रबंधन के लिए मुख्य कार्यालय में कन्ट्रोल रुम की स्थापना कर दुरभाष नम्बर 0788–2350175 जारी किया हैं। जारी आदेश में सहायक आयुक्त अशोक द्विवेदी को कन्ट्रोल रुम प्रभारी अधिकारी नियुक्त करते हुए सहयोगी के रुप में स्वास्थ्य अधिकारी आई0एल0 यादव के साथ यतीन नाथ देवांगन, धर्मेन्द्र मिश्रा, किशोर खोब्रागड़े, टहल राम साहू, दिलीप यादव, विष्णु पटेल, भुरवा होमने, श्रीमती मंगला जोशी, को प्रातः 06 बजे से अलग–अलग पाली में नियुक्त किया हैं। आपदा शिविर एवं राहत सामग्री हेतु अधीक्षण अभियंता आर0के0 साहू, के साथ प्र0 कार्यपालन अभियंता संजय दीवान, सुरेश केवलानी, दौलत चन्द्राकर, राजेश पालवे, रामप्रवेश, की नियुक्ति की गई है। आपदा स्थिति में पेयजल आपूर्ति हेतु अधीक्षण अभियंता सत्येन्द्र सिंह, के साथ कार्यपालन अभियंता आर0 के0 साहू, बृजेश श्रीवास्तव, कुमारी नेहा पटेल, संतोष जोशी, आपदा स्थिति में विद्युत व्यवस्था की जिम्मेदारी कार्यपालन अभियंता टी0के0 रणदिवे, संजय दीवान, दयाल दास साहू, तिरथ यादव, को जिम्मेदारी दी गई है। चिकित्सा दल प्रभारी के रुप में योजना अधिकारी मूर्ति शर्मा, प्रभारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल, स्वप्निल नायडू, अशोक कन्नौजे, की नियुक्ति की गई है।

इसके साथ ही आयुक्त ने जोनवार बाढ़ नियंत्रण दल का गठन करते हुए नेहरु नगर जोन–01 में जोनआयुक्त बी0के0 देवांगन, एवं सहयोगी सुनील दुबे, मलखान सिंह सोरी, धर्मेन्द्र मिश्रा, वैशाली नगर जोन–02 में आर0के0 पदमवार, संजय अग्रवाल, विनोद चन्द्राकर, महेश पाण्डेय, मदर टेरेसा नगर जोन–03 में टी0के0 रणदिवे,ए0के0 शर्मा, शिवाजी नगर जोन–04 में संजय शर्मा, अखिलेश चन्द्राकर, हरिचरण सिंह अरोरा, व्ही0के0 सेमुअल, महेश मिश्रा, जोन–05 सेक्टर क्षेत्र में प्रशांत शुक्ला, आर0एस0 राजपूत, प्रमोद सेंगर, यशवंत चतुर्वेदी, रिसाली जोन–06 में संजय बागड़े, एम0पी0 देवांगन, संजय वर्मा, खुलेश कुशवाहा, को बाढ़ नियंत्रण दल के सदस्य बनाये गये है। आपदा स्थिति में वाहन नियंत्रण कक्ष के प्रभारी टी0के0 रणदिवे, प्रभारी वाहन के साथ खुलेश साहू, होंगे। वर्षा जनित बिमारियों के रोकथाम के लिए स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था हेतु स्वच्छता निरीक्षक के0के0 सिंह के साथ अशोक कन्नौजिया एवं स्वास्थ्य शिविर दल की जिम्मेदारी होगी।

आयुक्त द्वारा जारी आदेश में यह आदेश 15 जून से मानसुन के प्रभावशील होते ही लागु हो जायेगा। जोनवार निचले क्षेत्रों में जहाॅ अतिवृष्टि के दौरान पानी भरने की समस्या आती है ऐसे चिन्हित स्थलों पर सतत् निगरानी रखने को कहा गया। निगम स्तर पर तैराकी जानने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उन्हे आकस्मिक दल के रुप में नियुक्त करने के निर्देश भी दिये है।

जनसम्पर्क अधिकारी